**फाइल सं: HIL/1-2/CUHP/12/**

# हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय

**Central University of Himachal Pradesh**

**(Accredited by NAAC with 'A+' Grade with CGPA of 3.42)**

विभाग का नाम : हिंदी विभाग

**दिनांक:21.08.2025**

## सूचना

**हिंदी** में शोध पाठ्यक्रम (पीएच-डी) में प्रवेश के लिए हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय की शोध पाठ्यक्रम (पीएच.डी.) प्रवेश परीक्षा 27.07.2025 की परिणाम सूची में योग्य घोषित किये गये उन सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है :
प्रवेश प्रक्रिया के अग्रिम चरण के लिए उनका **वैयक्तिक साक्षात्कार (Personal Interview)** हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के धौलाधार परिसर-1,धर्मशाला,जिला-कांगड़ा में दिनांक **28 अगस्त 2025** को निर्धारित किया गया है |

1. **वैयक्तिक साक्षात्कार { विषय ज्ञान (Subject Knowledge), सम्प्रेषण कौशल (Communication Skills) , मौखिक परीक्षा (Viva- Voce)}** उक्त तिथि को प्रात 10:00 बजे से आरम्भ होगा और प्रत्यक्ष रीति से अनिवार्य रूप से हिंदी भाषा में ही संचालित किया जायेगा |
2. अभ्यर्थी हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष के **कक्ष** में प्रातः **10:00 बजे** से सांय 5:00 बजे तक अथवा प्रवेश प्रक्रिया जारी रहने तक अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें |
3. प्रत्येक अभ्यर्थी को निम्नलिखित **मूल दस्तावेज** और उनकी एक-एक प्रतिलिपि लानी होंगी:
    1. दसवीं का प्रमाणपत्र
    2. 10 + 2 का प्रमाणपत्र
    3. स्नातक प्रमाणपत्र
    4. स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र
    5. नेट/सेट \स्लेट/कोई अन्य समकक्ष प्रमाणपत्र
    6. हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय शोध पात्रता परीक्षा, 2023-2024,2024-25 प्रमाणपत्र
    7. एम.फिल. प्रमाणपत्र यदि लागू हो
    8. यदि लागू हो तो श्रेणी/जाति प्रमाणपत्र (ओबीसी प्रमाणपत्र छह महीन से पुराना जारी किया हुआ नहीं होना चाहिए)।
    9. यदि लागू हो तो कश्मीरी प्रवासी प्रमाण पत्र।
    10. विकलांग प्रमाणपत्र, यदि लागू हो।
    11. आर्थिक पिछड़ा वर्ग प्रमाणपत्र, यदि लागू हो (आर्थिक पिछड़ा वर्ग छह महीने से पुराना जारी किया हुआ नहीं होना चाहिए)
4. प्रत्येक अभ्यर्थी को P-1 फार्म के साथ भविष्य में शोध के लिये अपनी अभिरुचि के किसी भी क्षेत्र पर एक शोध-परिकल्पना/ शोध –प्रस्तावना (synopsis) लाना आवश्यक होगा |(P-1 फार्म CUHP Website पर भी उपलब्ध है)

**नोट :**

1. **अभ्यर्थी अपनी शोध- परिकल्पना न्यूनतम 500 शब्दों में अनिवार्य रूप से हिंदी भाषा में ही लिख कर लाएँ |**
2. **जो भी अभ्यर्थी सरकारी/ गैर सरकारी/ अर्ध सरकारी संस्थान में कार्यरत हैं वे सभी सम्बन्धित संस्थान से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) लेकर ही वैयक्तिक साक्षात्कार में भाग लेने के पात्र होंगे |**

किसी और स्पष्टीकरण के लिए निम्नलिखित से संपर्क कर सकते हैं |

1. **डॉ. प्रीति सिंह (89605-60038)**
2. **डॉ. भरत सिंह (82197-75906)**

**S/d**
**विभागाध्यक्ष, हिंदी**